<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक। तीन सौ करोड़ रूपये के कार्यों को दी गयी स्वीकृति।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या दौरा 19 मार्च को। दौरे के दौरान लगभग 4 घंटे तक श्रद्धालु नहीं कर सकेंगे रामलला के दर्शन।
- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज। प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों के बीच लखनऊ में होगा पिंक रोजगार महाकुंभ। उत्कृष्ट महिला कार्मिकों को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला आज। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आमने–सामने होंगी भारत और न्यूजीलैण्ड की टीम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रज की परम्परा और आस्था का सम्मान करते हुए ब्रजमण्डल का समग्र विकास कराया जायेगा। मुख्यमंत्री कल वृन्दावन में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में तीन सौ करोड़ रूपये के कार्यों को स्वीकृति दी गयी। बैठक में लिये गये प्रमुख निर्णयों के अनुसार मथुरा–वृन्दावन रेल ट्रैक के स्थान पर ग्यारह दशमलव आठ शून्य किलोमीटर लम्बे फोरलेन मार्ग को विकसित करने की प्रक्रिया को तेज किया जायेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तीर्थ स्थलों के संरक्षण के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दे रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आगरा में एक निजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री योगी ने पिछले नौ वर्ष में उत्तर प्रदेश में मेडिकल क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधा सही, सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा–

***2017 के पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेजेस काम करते थे। आज हम उत्तर प्रदेश के अंदर 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन उत्तर प्रदेश भर में हम कर रहे हैं। स्वास्थ्य की सुविधा हर नागरिक को चाहिए तो डबल इंजन सरकार ने हर डिस्ट्रिक्ट के लिए एक मेडिकल कॉलेज की सुविधा देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। आज उसी का परिणाम है कि दो एम्स संचालित हो रहे हैं। एक गोरखपुर में एक रायबरेली में।***

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या दौरा उन्नीस मार्च को प्रस्तावित है। राष्ट्रपति उन्नीस मार्च को अयोध्या पहुंचेंगी और लगभग चार घंटे तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

***तो वह लगभग 11.00 यहां आएंगी और उनका कार्यक्रम कुल मिलाकर 3.00 तक होगा। वह प्रथम ग्राउंड फ्लोर पर जाएंगी, प्रथम तल पर जाएंगी, द्वितीय तल पर यंत्र की स्थापना करेंगी, इसके अलावा अन्य मंदिरों को पर भी जाएंगी।***

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान श्रद्धालु रामलला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर के निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष योजना बनाई जा रही है।

**********

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण, कल से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष, ओम बिरला को उनके पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा निर्धारित है। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण ढंग से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी।

**********

नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह, झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या पांच से प्रतिनिधि सभा के सदस्य चुने गए हैं। श्री बालेंद्र शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री और कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल–यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को बड़े अंतर से हराकर चुनाव जीत लिया है। समाचार मिलने तक प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने बहत्तर सीटों पर जीत हासिल कर ली है जबकि वह उन्चास सीटों पर बढ़त बनाये हुए है।

**********

प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्रों और उनकी टीम के सहयोग से राज्य भर में तीन सौ से अधिक गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इन संयंत्रों के माध्यम से, गाय के गोबर और गोमूत्र से स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद और अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत, गौ संरक्षण को पहली बार वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचगव्य से बने उत्पादों को उद्योग से जोड़ा जाएगा, जिससे युवाओं के लिए आजीविका का एक नया मॉडल तैयार होगा। इस पहल का नेतृत्व आईआईटी खड़गपुर के स्नातक यशराज गुप्ता

कर रहे हैं। यह परियोजना जालौन जिले में शुरू होगी। आरंभ में, जालौन जिले में गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे जैविक खाद, बायो–सीएनजी और बिजली का उत्पादन संभव हो सकेगा।

**********

आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पिंक रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री नव नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण और कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरण करने के साथ ही उत्कृष्ट महिला कार्मिकों को सम्मानित करेंगे।

लखनऊ और प्रयागराज सहित देशभर में दो सौ पचास स्थानों पर आज अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का भी आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल अस्मिता के अंतर्गत किया जा रहा है। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने मंदिर में महिलाओं को निःशुल्क सुगम दर्शन कराने की विशेष व्यवस्था बनायी है।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर दो हजार छब्बीस के दौरान छः जनवरी से छः मार्च तक हुई दावा और आपत्ति अवधि की कार्यवाहियों के संबंध में कल लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत की। श्री रिणवा ने बताया कि छः जनवरी को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में कुल 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 मतदाता दर्ज थे।

***नोटिस जारी किए गए और सुनवाई हुई उसमें दो किस्म के मतदाताओं के नोटिस जारी किए एक तो जिन्होंने मिलान नहीं कराया था अपना गणना चरण में 2003 के अंतिम मतदाता सूची में वह अथवा उनके माता–पिता या उनके ग्रैंड पेरेंट्स कहां उनका नाम था यह बिल्कुल खाली छोड़ा था मिलान नहीं कराया जिसको हम नो मैपिंग भी बोलते हैं। ऐसे 1.04 करोड़ मतदाता थे और ऐसे मतदाता जिन्होंने मिलान कराया लेकिन उसमें तार्किक विसंगतियां आईं। इस तरह की तार्किक विसंगतियां जो थी वह 2.22 करोड़ ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी होने थे।***

श्री रिणवा ने बताया कि एसआईआर के दौरान प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कुल तीन हजार नब्बे बैठकें आयोजित की गयी। दावा और आपत्ति अवधि में सत्तर लाख से अधिक फॉर्म–छः– प्राप्त हुए। मतदाताओं की समस्याओं की सुनवाई के लिए पर्याप्त संख्या में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

***सुनवाई को सुगम बनाने के लिए और एक स्थान पर अधिक मतदाताओं को ना बुलाना पड़े। मतदाताओं को अपने घर से बहुत दूर ना जाना पड़े। इसके लिए हमने पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करना अधिकारी लगाए थे। हमारे 403 विधानसभाएं हैं उत्तर प्रदेश में तो 403 तो निर्वाचक रजिस्ट्री अधिकारी हैं और 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री अधिकारी हैं।***

एसआईआर–2026 के अन्तर्गत शिकायतों के निस्तारण में नागरिकों द्वारा दी गई रेटिंग के अनुसार फरवरी माह में उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

**********

हर घर नल से जल पहुंचाने के प्रयासों के बीच प्रदेश सरकार जल महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। बाईस मार्च तक होने वाले इन आयोजनों की शुरूआत आज जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह लखनऊ के हुसैनाबाद दुल्हापुर ग्राम पंचायत से शुरू करेंगे।

**********

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला आज भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच खेला जायेगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम सात बजे से होगा। सेमीफाइनल मुकाबलों में न्यूजीलैण्ड ने दक्षिण अफ्रिका को और भारत ने इग्लैण्ड को पराजित किया था।

**********